आप्रवासियों के लिए उपभोक्ता संरक्षण युक्तियाँ:

# रोज़गार एजेंसियाँ

हिन्दी | Hindi

## इससे पहले कि आप आगे पढ़ें...

**रोज़गार एजेंसी क्या है?**
रोज़गार एजेंसी शुल्क लेकर नियोक्ता को कर्मचारी दिलवाने और नौकरी ढूँढ़ने वालों को काम दिलवाने में सहायता करती है।

**निःशुल्क सहायता प्राप्त करें।**
City काम ढूँढ़ने वालों के लिए निःशुल्क सहायता प्रदान करता है। nyc.gov/workforce1 पर जाएं या 311 पर कॉल करें और निःशुल्क Workforce1 करियर सेंटर ढूँढ़ने के लिए कहें।

**अगर आप कोई रोज़गार ढूँढ़ने के लिए किसी रोज़गार एजेन्सी के साथ काम करते हैं, तो ये युक्तियाँ आपकी सहायता के लिए हैं।**

## सामान्य युक्तियाँ

- **लाइसेंस प्राप्त रोज़गार एजेंसी का इस्तेमाल करें।** रोज़गार एजेंसियों के पास उपभोक्ता मामले विभाग (DCA) का लाइसेंस अवश्य होना चाहिए।

  लाइसेंस और शिकायत इतिहास की जाँच करने के लिए nyc.gov/dca पर जाएं या 311 पर कॉल करें।

  **महत्वपूर्ण**

  - रोज़गार एजेंसियाँ प्रशिक्षण कक्षाओं या प्रमाणन जैसी अन्य सेवाओं के लिए आपसे शुल्क नहीं ले सकतीं।
  - क्या आप सुरक्षा प्रशिक्षण स्कूल में हैं? इसे न्यू यॉर्क राज्य के आपराधिक न्याय सेवा प्रभाग में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए।
  - क्या आप बारटेंडिंग स्कूल में हैं? न्यू यॉर्क राज्य का स्वामित्व स्कूल पर्यवेक्षण का ब्यूरो बारटेंडिंग स्कूलों की निगरानी करता है।

- **उन रोज़गार एजेंसियों का इस्तेमाल न करें जो नौकरी की “गारंटी” देती हैं।** रोज़गार एजेंसियाँ आपके लिए नौकरी खोजने की गारंटी नहीं दे सकतीं। एजेंसियाँ आपको केवल उपलब्ध नौकरियों के लिए रैफ़र कर सकती हैं और जो कम-से-कम न्यूनतम वेतन देती हैं।

  न्यूनतम वेतन न्यू यॉर्क राज्य और संघीय क़ानून द्वारा तय किया जाता है। न्यू यॉर्क राज्य के न्यूनतम वेतन के लिए labor.state.ny.us पर जाएं।

- **जानिए कि रोज़गार एजेंसी के शुल्क कैसे काम करती हैं।** रोज़गार एजेंसियाँ आपसे तब तक शुल्क नहीं ले सकती जब तक कि वे आपको किसी काम पर न लगवा दें।

  शुल्क कानून द्वारा तय की गई अधिकतम राशि से अधिक नहीं हो सकते।

  रोज़गार एजेंसियों के कानून और नियम जानने के लिए nyc.gov/dca पर जाएँ, जहाँ शुल्क के बारे में जानकारी मौजूद है।

  यदि एजेंसी ने आपसे अग्रलिखित के लिए शुल्क लिया है तो आपको पूरा पैसा वापस प्राप्त करने का अधिकार है:

  - एक अग्रिम शुल्क, डिपॉज़िट शुल्क, आवेदन शुल्क, या साक्षात्कार शुल्क। या
  - आपको किसी दूसरी रोज़गार एजेंसी या प्रशिक्षण स्कूल के पास भेजना। या
  - प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, फोटो या रेज़्यूमे (शैक्षिक अभिलेख एवं कार्य अनुभव) की समीक्षा जैसी किन्हीं अतिरिक्त मदों के लिए

- **सटीक, लिखित अनुबंध की माँग करें।** एजेंसी को आपको हस्ताक्षर करने से पहले पूरा अनुबंध देना होगा। आपके अनुबंध में निम्नलिखित होने चाहिए:
  - एजेंसी का नाम, पता, DCA लाइसेंस नंबर
  - काम का प्रकार
  - मूल्य
  - शुल्क भुगतान समयावली

  यह सुनिश्चित करें कि लिखित करार आपके बोले हुए करार से मेल खाता हो।

  हस्ताक्षर से पहले, एजेंसी से आपके सभी प्रश्नों के उत्तर लिखित में लें।

  एजेंसी को आपको अनुबंध की प्रतिलिपि और हर भुगतान की रसीद देनी होगी। सभी प्रतिलिपियाँ सुरक्षित जगह पर रखें।

- **गैर-क़ानूनी सवालों के जवाब न दें।** जब तक वे कार्य के लिए मान्य योग्यताएँ नहीं हैं, तब तक नियोक्ता या एजेंसी द्वारा इनके बारे में सवाल पूछना गैर-क़ानूनी है:
  - उम्र
  - प्रजाति
  - पंथ
  - धर्म
  - रंग
  - राष्ट्रीय मूल
  - लिंग
  - विकलांगता
  - वैवाहिक स्थिति
  - पार्टनरशिप स्थिति
  - देखभाल-कर्ता स्थिति
  - यौन झुकाव
  - परदेशीय या नागरिकता की स्थिति

- **DCA के यहाँ शिकायत फ़ाइल करें।** DCA के यहाँ nyc.gov/dca पर ऑनलाइन शिकायत फ़ाइल करें या अपनी भाषा में शिकायत फ़ाइल करने के लिए 311 पर संपर्क करें। शिकायत करने के लिए आपको अपना नाम या अपनी आप्रवासन स्थिति देने की ज़रूरत नहीं होती। *नोट*: अगर आप चाहते हैं कि DCA आपसे संपर्क करे, तो आपको अपना नाम और पता देना होगा।

# ख़बरदार...

## शिकार बनाने वाले स्कूल

NYC में सैंकड़ों मुनाफ़े-वाले स्कूल हैं। इनके पाठ्यक्रमों में वातानुकूलन मरम्मत और कॉस्मेटलोजी से लेकर चिकित्सा-संबंधी तकनीशियन प्रशिक्षण तक शामिल हैं। कुछ स्कूल विद्यार्थियों को गुमराह करते हैं। वे निम्नलिखित चीज़ें कर सकते हैं:

- आपसे बहुत-सी वित्तीय सहायता निकलवा सकते हैं।
- आपके स्नातक होने के बाद आपको नौकरी की “गारंटी” दे सकते हैं।
- आपसे आपकी डिग्री की क़ीमत के बारे में झूठ बोल सकते हैं, जिसमें यह शामिल है कि आपके क्रेडिट दूसरे स्कूल में स्थानांतरित होंगे या नहीं।

*याद रखें:*

- वित्तीय सहायता आम तौर पर ऋण होता है, जो आपको चुकाना पड़ेगा। यह स्कॉलरशिप नहीं होती।
- बहुत सारे स्कूलों का अनुसन्धान कर लें।
- जिस दिन आप स्कूल में जाएँ, उसी दिन साइन अप न करें।
- स्कूल की शिक्षण शुल्क रद्द करने संबंधी नीति लिखित रूप में प्राप्त करें।

उच्चतर शिक्षा स्कूल के विरुद्ध शिकायत दाखिल करने के लिए **311 पर कॉल करें**

## निःशुल्क सहायता

- nyc.gov/workforce1 पर जाएं या 311 पर कॉल करें और निःशुल्क Workforce1 करियर सेंटर ढूँढ़ने के लिए कहें।
- nyc.gov पर जाएं या 311 पर कॉल करें और निःशुल्क और कम लागत के वयस्क शिक्षा कार्यक्रमों के बारे में पूछें।

**महत्वपूर्ण**

- सीधी सामाजिक सेवाएँ प्रदान करने वाली शहरी एजेंसियों को आपकी प्रथम भाषा में व्याख्या और अनुवाद की व्यवस्था करनी होगी।
- शहरी एजेंसियाँ आप्रवासन स्थिति के बारे में तब तक नहीं पूछ सकतीं जब तक कि यह किसी लाभ या सेवा की पात्रता निर्धारित करने के लिए ज़रूरी न हो।

## अन्य संसाधन

- आप्रवासियों के लिए अन्य उपभोक्ता सुरक्षा युक्तियाँ पढ़ें:
    - वित्त
    - आप्रवासन सहायता सेवाएँ
    - कर संबंधी तैयारी
- अधिक जानकारी के लिए nyc.gov/dca पर जाएं, जिसमें ये शामिल हैं:
    - नौकरी ढूँढ़ने वालों का अधिकार संबंधी विधेयक (Job Hunter's Bill of Rights)
    - कर्मचारी अधिकारों और नियोक्ता उत्तरदायित्वों का कथन (घरेलू या घर के काम के कर्मचारी)
    - NYC भुगतान-शुदा बीमारी अवकाश क़ानून
    - NYC कम्यूटर लाभ क़ानून
- आप्रवासी मामलों के मेयर का कार्यालय (MOIA): nyc.gov/immigrants पर जाएं और आप्रवासी कर्मी और जॉब और कार्य देखें।
- लघु व्यवसाय सेवाएँ (SBS): nyc.gov/sbs पर जाएं और काम ढूँढ़ने वालों के लिए सहायता देखें।
- मानवाधिकार आयोग: भेदभाव के बारे में शिकायत करने के लिए nyc.gov/humanrights पर जाएं या 311 पर संपर्क करें। *कार्य पर और घर पर, आप्रवासी व NYC मानवाधिकार* पढ़ें।

NYC Office of the Mayor | **Consumer Affairs** Lorelei Salas Commissioner | **Mayor's Office of Immigrant Affairs** Nisha Agarwal Commissioner | **Small Business Services** Gregg Bishop Commissioner